वेबसाइट:www.bankofbaroda.in ईमेल:corp.pr@bankofbaroda.com

स्थान/Place: Mumbai तारीख/Date: 11.03.2024

प्रेस विज्ञप्ति /Press Release

बैंक ऑफ़ बड़ौदा ने लॉन्च किया बॉब अर्थ ग्रीन डिपॉजिट्स

बैंक ऑफ़ बड़ौदा ने अपनी ESG पहल के तहत बॉब अर्थ ग्रीन टर्म डिपॉज़िट का शुभारंभ किया है, जिससे प्राप्त होने वाली आय का उपयोग विशेष रूप से पर्यावरण-अनुकूल परियोजनाओं/क्षेत्रों के लिए किया जाएगा।

मुंबई, 11 मार्च, 2024: भारत में सार्वजनिक क्षेत्र के अग्रणी बैंकों में से एक, बैंक ऑफ़ बड़ौदा (बैंक) ने आज **बॉब अर्थ ग्रीन टर्म डिपॉज़िट** योजना के शुभारंभ की घोषणा की और इस योजना के तहत प्राप्त होने वाली जमा राशि का उपयोग उपयुक्त पर्यावरण-अनुकूल परियोजनाओं तथा क्षेत्रों की फाइनेंसिंग के लिए किया जाएगा।

बॉब अर्थ ग्रीन टर्म डिपॉजिट्स के तहत, ग्राहकों को अलग-अलग समय सीमा में निवेश पर आकर्षक ब्याज दरों का लाभ उठाने के साथ-साथ भारत के हरित एवं दीर्घकालिक अर्थव्यवस्था का हिस्सा बनने का अवसर मिलता है। बैंक सालाना 7.15% तक की ब्याज दरों की पेशकश कर रहा है। आम नागरिक/निवासी भारतीय, एनआरआई एवं उच्च मालियत वाले व्यक्ति (HNI) निवेशक बॉब अर्थ ग्रीन टर्म डिपॉज़िट योजना में निवेश कर सकते हैं।

बॉब अर्थ ग्रीन टर्म डिपॉजिट योजना: समयावधि एवं ब्याज दरें

समयावधि	**राशि रु. 5,000 से ज्यादा परंतु रु. 2 करोड़ से कम** **बॉब अर्थ ग्रीन डिपॉजिट्स (% सालाना)**
1 वर्ष, यानी 12 महीने	6.75
1.5 वर्ष, यानी 18 महीने	6.75
777 दिन	7.15
1111 दिन	6.40
1717 दिन	6.40
2201 दिन	6.40

इस अवसर पर **बैंक ऑफ़ बड़ौदा के प्रबंध निदेशक एवं सीईओ, श्री देबदत्त चांद** ने कहा, "बैंक ने अपने परिचालन कार्यों में संवहनीयता को अपनाने की दिशा में काफी अधिक प्रगति की है, जिसमें जोखिम प्रबंधन, गवर्नेंस व्यवस्था, सामाजिक दायित्व और पर्यावरणीय प्रभाव के प्रति हमारे दृष्टिकोण शामिल हैं। बॉब अर्थ ग्रीन टर्म डिपॉज़िट योजना के शुभारंभ से निवेश करने वाले ग्राहकों को स्थायी और सुरक्षित रिटर्न पाने के साथ-साथ धरती को हरा-भरा बनाने में

योगदान देने का दोहरा लाभ मिलता है। भारत के अग्रणी बैंकों में से एक होने के नाते, बैंक ऑफ़ बड़ौदा अपने ईएसजी मैंडेट को आगे बढ़ाने और ग्रीन फाइनेंसिंग के अपने पोर्टफोलियो के दायरे का विस्तार करने के लिए प्रतिबद्ध है।"

बैंक ऑफ़ बड़ौदा ने अपने बॉब अर्थ ग्रीन टर्म डिपॉज़िट योजना में नयापन लाते हुए विशेष समयावधि की पेशकश की है, जो धरती की जलवायु और संवहनीयता के लक्ष्यों की ओर संकेत करते हैं, जैसे कि **1.5 वर्ष की समयावधि** – वैश्विक तापमान में वृद्धि को पूर्व-औद्योगिक स्तरों से 1.5 डिग्री सेल्सियस तक सीमित करने के लक्ष्य को दर्शाती है, जबकि **1717 दिनों की समयावधि**– संयुक्त राष्ट्र के 17 सतत विकास लक्ष्यों पर दोगुना बल देती है।

बॉब अर्थ ग्रीन टर्म डिपॉज़िट के माध्यम से जुटाई गई धनराशि का आबंटन उपयुक्त हरित परियोजनाओं/क्षेत्रों को किया जाएगा, जिनमें नवीकरणीय ऊर्जा, स्वच्छ परिवहन, सतत जल एवं अपशिष्ट प्रबंधन, ऊर्जा कुशलता, जलवायु परिवर्तन अनुकूलन, प्रदूषण की रोकथाम एवं नियंत्रण, ग्रीन बिल्डिंग, जैव विविधता संरक्षण आदि शामिल हैं।

बैंक ऑफ़ बड़ौदा के मौजूदा और नए ग्राहक देश भर में बैंक की किसी भी शाखा में ग्रीन डिपॉज़िट में निवेश कर सकते हैं।

पिछले वर्ष बैंक ऑफ़ बड़ौदा के 116वां स्थापना दिवस के अवसर पर बैंक ने हमारी भावी पीढ़ियों हेतु प्रकृति प्रदत्त उपहारों की सुरक्षा एवं संरक्षण के प्रति अपनी प्रतिबद्धता और दायित्व को सुनिश्चित करने हेतु "बॉब अर्थ" को लॉन्च किया था। बॉब अर्थ ग्रीन डिपॉज़िट का शुभारंभ भी इसी दिशा में बढ़ाया गया एक कदम है।

About Bank of Baroda

Founded on 20th July, 1908 by Sir Maharaja Sayajirao Gaekwad III, Bank of Baroda is one of the leading commercial banks in India. At 63.97% stake, it is majorly owned by the Government of India. The Bank serves its global customer base of ~165 million through over 70,000 touch points spread across 17 countries in five continents and through its various digital banking platforms, which provide all banking products and services in a seamless and hassle-free manner. The Bank's vision matches the aspirations of its diverse clientele base and seeks to instil a sense of trust and security in all their dealings with the Bank.

- Visit us at www.bankofbaroda.in
- Facebook https://www.facebook.com/bankofbaroda/
- Twitter https://twitter.com/bankofbaroda
- Instagram https://www.instagram.com/officialbankofbaroda/
- YouTube https://www.youtube.com/channel/UCdf14FHPLt7omkE9CmyrVHA
- LinkedIn https://www.linkedin.com/company/bankofbaroda/

For media queries, please contact:

Bank of Baroda: Phiroza Choksi | +91 9820363681 | corp.pr@bankofbaroda.com
Perfect Relations: Sneha Joshi | +91 9833004482 | Sneha.Joshi@dentsu.com